PM SHRI KENDRIYA HINOO 2ND SHIFT RANCHI

SPECIAL ACHIEVEMENT OF SPECIAL CHILD

NAME: Naitik Darsh

CLASS: IIA

ACHIEVEMENTS:-

PM SHRI Kendriya Vidyalaya Hinoo 2nd Shift proudly celebrates the outstanding achievements of Naitik Darsh, a student with Autism, who has brought immense pride to Jharkhand through his exceptional performances at the national level.

At the 13th National Autism Championship held in Ahmedabad, Gujarat, Naitik won two Gold Medals in the 25-metre and 50-metre swimming events in the Sub-Junior category.

He also excelled at the 12th National Athletics Championship for Autism held in Patna, Bihar, where he secured two Silver Medals in the 50-metre and 100-metre races.

Naitik's remarkable achievements are a shining example of determination, perseverance, and dedication. His inspiring journey proves that with the right support, consistent practice, and self-belief, every child can achieve excellence.


Photos:-

ऑटिज्म से जंग जीत तैराकी में चमका नैतिक, जीते दो स्वर्ण

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

- 23 राज्यों से 500 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, जूनियर वर्गों में भाग लिया
- साढ़े सात वर्ष के नैतिक ने 25 व 50 मीटर तैराकी स्पर्धा में दिखाया दम, झारखंड का बढ़ाया मान

गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय ऑटिज्म व सेरेब्रल पाल्सी चैंपियनशिप में झारखंड के युवा तैराक नैतिक दर्श ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किये हैं. महज साढ़े सात वर्ष के नैतिक ने सब-जूनियर वर्ग की 25 मीटर व 50 मीटर तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है. राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में स्केटिंग, साइक्लिंग, सीपी फुटबॉल, स्विमिंग व बैडमिंटन समेत पांच खेलों का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में देश के 23 राज्यों से 500 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्गों में भाग लिया. नैतिक की इस उपलब्धि पर पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से उन्हें सम्मानित करने व उचित प्रोत्साहन एवं पुरस्कार देने की मांग की है. समिति का कहना




है कि ऐसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने से अन्य दिव्यांग खिलाड़ी भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे. समिति के अध्यक्ष जटाशंकर चौधरी, उपाध्यक्ष सुभाषित झा व युवराज, सचिव कुमार गौरव, संयुक्त सचिव हीरालाल, अविनाश तिवारी, कोषाध्यक्ष सुनील विश्वास सहित अन्य पदाधिकारियों ने नैतिक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. समिति ने नैतिक की सफलता के पीछे उनके माता-पिता, विशेषकर उनकी माता श्वेता रानी के समर्पण व अथक प्रयासों की भी सराहना की. समिति के अनुसार, माता-पिता के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन ने ही इस उपलब्धि को संभव बनाया है.

ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को प्रशिक्षित करना अधिक चुनौतीपूर्ण : नैतिक की मां श्वेता रानी ने बताया कि नैतिक बचपन से ही ऑटिज्म से प्रभावित हैं. दो वर्ष की आयु में इसकी जानकारी मिलने के बाद उन्होंने बेटे को आत्मनिर्भर व सक्षम बनाने का संकल्प लिया. उन्होंने तीन वर्ष की उम्र से ही नैतिक को तैराकी का प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया. श्वेता रानी ने बताया कि नियमित अभ्यास, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर प्रयासों के कारण नैतिक के व्यक्तित्व एवं समझ में उल्लेखनीय सुधार आया है. उन्होंने कहा कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को प्रशिक्षित करना सामान्य बच्चों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि वे सीखी हुई बातों को कई बार भूल जाते हैं और उन्हें बार-बार अभ्यास कराना पड़ता है. पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड ने विश्वास जताया है कि नैतिक दर्श भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड व देश का नाम रोशन करेंगे.

प्रभात खबर
Friday, June 12, 2026
Ranchi-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/6a2b1bf5f4a129b12f197833




1

